# राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

## वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

**विषय - हिन्दी (प्रथम भाषा)** 2025HND105371

**समय- 2 $\frac{1}{2}$ घण्टे** **कक्षा- 5** **पूर्णांक-60**

**बहुविकल्पीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 1-5 )**

**निर्देश** - सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र.1 'मध्यप्रदेश का गीत' कविता के रचयिता कौन हैं? 1

(A) राजेंद्र अनुरागी (B) माखनलाल चतुर्वेदी

(C) सुभद्रा कुमारी चौहान (D) गोपाल कृष्ण कौल

प्र-2 रानी अवन्ती बाई कहाँ की रानी थी? 1

(A) भोपाल की (B) मंडला की (C) सिवनी की (D) रामगढ़ की

प्र-3 किस फसल को कम पानी की आवश्यकता है:- 1

(A) मूंग (B) धान (C) मटर (D) चना

प्र-4 'शोणित' शब्द का अर्थ क्या होगा? 1

(A) पसीना (B) रक्त (C) पानी (D) दुग्ध

प्र-5 वारं - वारं स्नानं करोति - 1

(A) काक: (B) हंस: (C) वानर: (D) मत्स्य:

**रिक्त स्थान ( प्रश्न 6 - 10 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए । प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है ।

प्र- 6 हम एक-दूसरे देश की श्रेष्ठता की तुलना उसके नागरिकों के ..... ...के आधार पर करते हैं। 1

प्र- 7 ...................... हमें त्याग का संदेश देते हैं। 1

प्र- 8 श्रीकृष्ण, बलराम, सुदामा जी के गुरु ........ ..... थे 1

प्र- 9 नुकसान का समानार्थी शब्द है । 1

प्र-10 रमजान के पूरे तीस ...... के बाद ईद आई थी। 1

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न 11 - 16 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्र-11 मातृभूमि वीरों से क्या अपेक्षा रखती है? 2

प्र-12 डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का जन्म मध्यप्रदेश के किस नगर में हुआ था? 2

प्र-13 महू शहर का वर्तमान नाम क्या है? 2

प्र-14 रात और गुण शब्द के विलोम शब्द लिखिए। 2



P.T.O.

प्र-15 भारत के विद्वानों ने ईश्वरचन्द्र को कौन-सी उपाधि दी थी? 2

प्र-16 'रश्मि आम खाती है', इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा प्रकार है ? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न 17 - 22 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्र-17 कबीर ने सच का क्या महत्व बताया है? 3

प्र-18 रम्मो और कल्लो को शिक्षा प्रशिक्षण संस्था में किस आधार पर प्रवेश मिला? 3

प्र-19 भारतीय सेना के तीनों अंगों का सर्वोच्च अध्यक्ष कौन होता है ? तीनों अंगों के नाम लिखिए। 3

प्र-20 बचपन में राजा भाऊ महाकाल के क्या-क्या शौक थे? 3

प्र-21 आपके मित्र/सहेली को गर्मियों की छुट्टी में अपने यहाँ आने का निमंत्रण देने के लिए पत्र लिखिए। 3

प्र-22 शब्दों के भिन्न-भिन्न अर्थ दिए गए हैं। इनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(1) उत्तर - (एक दिशा, जवाब)

(2) कर - (हाथ, टैक्स) 3

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न 23 - 26 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्र-23 मध्यप्रदेश की अपनी कई विशेषताएँ हैं, उन विशेषताओं के बारे में संक्षेप में लिखिए। 5

प्र-24 अपने अज्ञातवास में चन्द्रशेखर कहाँ-कहाँ रहे और उन्हें किस कठिनाई का सामना करना पड़ा? 5

प्र-25 निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ लिखिए-

मैं बचपन को बुला रही थी,
बोल उठी बिटिया मेरी।
नदन-वन-सी फूल उठी वह,
छोटी-सी कुटिया मेरी। 5

प्र-26 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक के बारे में पाँच वाक्य लिखिए-

मेरा/मेरी प्रिय मित्र/सहेली, मेरा प्रिय त्योहार, मेरा विद्यालय 5

-----x-----